# ६. ऐसा भी होता है

## (पठनार्थ)

*– अभिषेक जैन*

गरजे मेघ
सहमकर काँपी
कच्ची दीवार ।

रवि चढ़ाए
निर्मल किरणों से
धरा को अर्घ्य ।

आ के पसरी
थकी हारी किरण
धरा की गोद ।

खुली आँखों ने
जीवन भर देखे
बंद सपने ।

कटते तरु
उजड़ा आशियाना
रोए पखेरू ।

बच्चे पतंग
माँ-बाप थामें डोर
छूते गगन ।

तन माटी का
फिर कैसा गुमान
कद काठी का ।

उड़ा पखेरू
देखता रह गया
ठगा-सा तरु ।

डाकिया चला
बाँटने सुख-दुख
भर के झोला ।

मैया की आई
वृद्धाश्रम से चिट्ठी
कैसे हो बेटा ।

हो गई चोरी
संस्कारों की तिजोरी
लुट गया मैं ।

— ० —

## परिचय

**जन्म :** १९७९, गिरिडीह (झारखंड)
**परिचय :** अभिषेक जैन जी ने कविता, कहानी, निबंध आदि विविध विधाओं में लेखन किया है । अनुभवों पर आधारित आपकी रचनाएँ विविध पत्र-पत्रिकाओं में नियमित छपती रहती हैं ।

## पद्‌य संबंधी

**हाइकु :** मूलतः जापान की लोकप्रिय विधा है । इसे विश्व की सबसे छोटी कविता कहा जाता है । पाँचवें दशक से हिंदी साहित्य ने खुले मन से हाइकु को स्वीकार किया है। हाइकु कविता ५+७+५=१७ वर्ण के ढाँचे में लिखी जाती है ।

प्रस्तुत विभिन्न हाइकुओं के माध्यम से कवि ने गरीबी, थकान, वृक्षों के कटने के दुष्परिणाम, अनावश्यक अहं, वृद्धाश्रम के दर्द, संस्कारों के अभाव आदि विविध विषयों पर प्रकाश डाला है ।



## शब्द संसार

**तरु** पुं.सं.(सं.)= वृक्ष, पेड़

**आशियाना** पुं.सं.(फा.)= घोंसला

**पखेरू** पुं.सं.(सं.) = पंछी, पक्षी

**गुमान** पुं.सं.(फा.)= अभिमान, गर्व, घमंड

## स्वाध्याय

सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।

**(१) कृति पूर्ण कीजिए –**

पद्य में आए प्राकृतिक घटक

**(२) उचित शब्द लिखिए :**

१. सहमकर काँपने वाली –

२. घोंसला उजड़ने पर रोने वाला –

३. सुख-दुख बाँटने वाला –

४. वृद्धाश्रम से चिट्ठी भेजने वाली –

**(३) 'किरण' शब्द की दो विशेषताएँ :**

## भाषा बिंदु

**आकृति में दिए गए वाक्य का काल पहचानकर निर्देशानुसार काल परिवर्तन कीजिए :**

गाँव वाले भी खूब परिश्रम कर रहे थे । ---- काल

सामान्य वर्तमानकाल ------------------------

सामान्य भविष्यकाल ------------------------ , अपूर्ण भविष्यकाल ------------------------

पूर्ण वर्तमानकाल ------------------------

सामान्य भूतकाल ------------------------

अपूर्ण वर्तमानकाल ------------------------

पूर्ण भविष्यकाल ------------------------

पूर्ण भूतकाल ------------------------

## उपयोजित लेखन

'मेरा प्रिय त्योहार' विषय पर अस्सी से सौ शब्दों में निबंध लिखिए ।

CHZPRP